an>

Title: Need to take measures to supply water from Narmada dam for drinking and irrigation purposes in districts of Gujarat facing severe water crisis.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) ः मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद व गुजरात के 17 जिलों में पीने के पानी व सिंचाई के पानी की बहुत कमी है। नर्मदा वाटर प्रोजेक्ट के बावजूद भी गुजरात के सौराष्ट्र, कच्छ और पूर्वी गुजरात में पेयजल व सिंचाई जल की आपूर्ति की नितांत आवश्यकता है। सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र के पुराने और परम्परागत तालाब या तो पूरी तरह से सूख चुके हैं या उनमें कुछ ही दिनों की जलापूर्ति का जल शेष है। कई शहर और जिले- जैसे अहमदाबाद, बड़ोदरा, भरूच, आनन्द, खेड़ा और गांधी नगर मे पानी की काफी परेशानी है। ये क्षेत्र पूर्णतः नर्मदा बांध के जल पर ही निर्भर हैं। ऐसे में मात्र अहमदाबाद की जनता को ही लगभग 900 एम.एल.डी. पीने के पानी की जरूरत है। जबकि उसकी आपूर्ति कम है। आने वाली गर्मियों के दिनों में पेयजल की मांग बढ़ेगी। विगत काफी वर्षों से लोग पानी के टैंकरों से पानी मंगवाते रहे हैं। साथ ही साथ, ऐसे क्षेत्रों मे पानी की वैकल्पिक आपूर्ति की जाती है।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद सहित गुजरात के 17 जिलों में पीने व सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति नर्मदा बांध से किए जाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाए।